# प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-02 फैक्स नं.: 0755-2550498 वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in


# अंतिम परीक्षा–परिणाम

## मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के अंतर्गत प्रहरी (कार्यपालिक) (सीधी भर्ती) के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा तिथि | 11 से 24 दिसम्बर, 2020 |
| ऑनलाईन परीक्षा परिणाम तिथि (प्रथम चरण) | 10 अप्रैल, 2021 |
| अंतिम परीक्षा परिणाम तिथि | 07 दिसंबर, 2021 |

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

07/12/21.

07/12/21

07/12/21

# प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

## मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के अंतर्गत प्रहरी (कार्यपालिक) (सीधी भर्ती) के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020 का अंतिम परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के अंतर्गत प्रहरी (कार्यपालिक) (सीधी भर्ती) के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020 का लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 10.04.2021 को घोषित किया गया था तथा द्वितीय चरण की कार्यवाही उपरांत अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसके प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग द्वारा प्रहरी के सीधी भर्ती के पद के लिए द्वितीय चरण की कार्यवाही उपरांत इसके परिणाम से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस जानकारी को लिखित परीक्षा परिणाम के साथ एकजाई कर श्रेणीवार व संवर्गवार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
2. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार समान अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की आपसी सहवरिष्ठता आयु के आधार पर निर्धारित की गई है।
3. नियमपुस्तिका के अनुसार विभिन्न श्रेणी के कुछ संवर्गों में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के फलस्वरूप कुछ पदों को संबंधित श्रेणी के "बिना वर्ग/ओपन" में परिवर्तित किया गया है।
4. इस परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की जानकारी, श्रेणीवार एवं संवर्गवार कुल पद, परिवर्तित पद, भरे गए पद, रिक्त रहे पद, लिखित परीक्षा परिणाम के कटऑफ अंक एवं अंतिम परीक्षा परिणाम के कटऑफ अंक का विवरण परिशिष्ट–1 में संलग्न है।
5. आरक्षण नियमानुसार आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग) के अभ्यर्थी को प्राप्तांकों के आधार पर स्वयं की श्रेणी व संवर्ग के अतिरिक्त केवल अनारक्षित/निल/ओपन की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त होता है, परन्तु अनारक्षित श्रेणी के महिला/पुलिस/भूतपूर्व सैनिक संवर्गों की प्रावीण्य सूची में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्थान प्राप्त नहीं होगा।
6. नियमपुस्तिका में उल्लेखित नार्मलाईजेशन प्रक्रिया के अंतर्गत गणना उपरांत प्राप्त कुल अंकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
7. परिणाम जारी होने के उपरांत अंतिम चयन/नियुक्ति/पदस्थापना संबंधी समस्त कार्यवाहियॉ जेल विभाग के स्तर से सुनिश्चित की जायेगी। अंतिम परीक्षा परिणाम पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

भोपाल,
दिनांक : 07 दिसंबर, 2021

07/12/21

प्रभारी नियंत्रक
प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल

07/12/21

07/12/21